पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

राज्यपाल ने रक्षाबन्धन के पावन अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी

—————————

महिलाएं अपनी क्षमताओं को भी बढ़ाएं, स्वयं भी सशक्त बनें
—श्रीमती आनंदीबेन पटेल

—————

लखनऊः 11 अगस्त, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने रक्षाबन्धन के पावन अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए समाज में मेल—जोल व सौहार्द की कामना की है।

राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा कि भाई—बहन के प्रेम एवं रक्षा के वचन का यह पर्व पूरे देश में मनाया जाता है। उन्होंने कहा है कि आज जब देश में महिला सशक्तिकरण के प्रति सामाजिक जागरुकता के लिए हम प्रतिबद्ध हैं तब यह त्यौहार महिलाओं के हितों के संरक्षण और उनके कल्याण को प्रोत्साहित करने की संकल्पना को मजबूती देता है।

उन्होंने महिलाओं को रक्षाबन्धन की विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा है कि वे अपनी क्षमताओं को भी बढ़ाएं, स्वयं भी सशक्त बनें, अपना रक्षा कवच स्वयं बनने के साथ—साथ अपने परिवार, गांव, समाज, प्रदेश एवं देश की सुरक्षा में योगदान देने की सामर्थ्य को पूरी क्षमता से आगे लाएं।

—————————

डॉ0 सीमा गुप्ता—सूचना अधिकारी/राजभवन (218/7)
सम्पर्क सूत्र— 8318116361